तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 21.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 5 अप्रैल 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



4

जिले में 'स्पेस ऑन व्हील्सः अन्वेषण' कार्यक्रम





## खबर संक्षेप

### पानी भरे बाल्टी में गिरने से मासूम की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर के कमरे में पानी भरे बाल्टी में मासूम गिर गया जिससे पानी में सिर डूब जाने से मासूम की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम झिरमिटी निवासी दीपक तिर्की शहर के बिलासपुर चौक के समीप लक्ष्मीपुर में मोना तिवारी के यहां किराए के मकान में रहकर ढाबा में काम करता है। बीती रात लगभग 2.30 बजे ड्यूटी कर घर पहुंचा तो देखा 11 माह का पुत्र अंश तिर्की जगा हुआ था जिसे कुछ देर खिलाने के पश्चात दोनों के बीच में सुआ कर सो गया। तड़के पत्नी सुनीता उठी तो देखी बेटा बिस्तर में नहीं है। जिस पर कमरे में बेटा को ढूंढने लगी। इसी बीच जब बाल्टी के पास पहुंची तो उसके होश उड़ गए। बेटा का सिर पानी भरे बाल्टी के अंदर जबकि पैर ऊपर था। तत्काल बेटा को बाहर निकाल शोर मचाने लगी। पत्नी की आवास सून दीपक उठा और बेटा को अचेत देख पेट दबा कर पानी निकाला और तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचा जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मासूम को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### शराब पीने के बाद चार दिन तक अचेत रहा युवक, मौत

**अम्बिकापुर।** शराब पीने के बाद चार दिनों तक युवक अचेत रहा। परिजन युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम बंशीपुर निवासी जतन शांडिल्य आ. राम किशुन (34 वर्ष) 27 मार्च की शाम ईट भट्टा से काम कर घर आया और कुछ समय बाद पत्नी को घूमने जाने की बात कहकर चला गया। रात 10 बजे तक पति के घर नहीं आने पर जब पत्नी बाहर निकल कर देखी तो पति घर के सामने टहल रहा था जिस पर पत्नी कमरे में बच्चे के सो गई। इसी बीच पति कमरे में आया और शराब पीने के बाद बड़बड़ाते हुए सो गया। सुबह पत्नी उठाने लगी तो पति ने आराम करने की बात कही। शाम को जब पत्नी उठाने लगी तो पति कोई जवाब नहीं दिया। जिस पर पत्नी ने पड़ोसियों को बुलाया और पति को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। दो दिन बाद भी जब पति को होश नहीं आया तो शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज सुबह चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### तीन महीने में पुलिस ने 7970 लोगों पर कार्रवाई, 29 लाख का जुर्माना

**बलरामपुर।** जिले में पुलिस विभाग ने सदस्क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विशेष अभियान चलाया। पुलिस व यातयात विभाग की टीम ने टीम महीने के सघन जांच अभियान में पांच सौ से अधिक शराबी चालकों पर कार्रवाई की है। टीम ने बाइक, कार, दो पहिया वाहनों के साथ ही बस ट्रक चालकों की जांच कर चलानी कार्रवाई की गई। बता दें कि आईजी दीपक झा ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। ऐसे में एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर जिले में एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस व यातायात विभाग ने अभियान चलाया। इस अभियान के तहत प्रथम तिमाही में जनवरी से मार्च तक शराब पीकर वाहन चलाने वाले कुल 537 प्रकरण, बिना हेलमेट पर 2023 प्रकरण व बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले 1659 प्रकरण समेत कुल 7970 प्रकरण में कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने नियम तोड़ने वालों पर 29 लाख 89 हजार 900 रूपए का जुर्माना लगाया। एसपी श्री बैंकर ने लोगों से आह्वान किया है कि दोपहिया वाहन में तीन सवारी न बैठाने, नाबालिक को वाहन न चलाने दे, बिना लायसेंस वाहन न चलाये, नषे की हालत में वाहन न चलावे, सीट बेल्ट का उपयोग करें।

# बख्तर व मुंडल के शहीद दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

अमर बलिदानी बख्तर साय एवं मुंडल सिंह की पुण्यस्मृति में 4 अप्रैल शनिवार को खेल मैदान कुनकुरी में शहीद दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में समाजजन, युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही, जिससे पूरा आयोजन राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कौशल्या साय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशीला साय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अमर शहीद बख्तर साय एवं मुंडल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।

- तिरंगा यात्रा से गूंजा नगर, लोगों ने लिया देशसेवा का संकल्प

### लोंगो ने निकाली तिरंगा यात्रा

नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा खेल मैदान कुनकुरी से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला।






### शहीदों का बलिदान देश और समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत

मुख्य अतिथि कौशल्या साय जी एवं सुशीला साय ने अमर बलिदानी बख्तर साय एवं मुंडल सिंह के त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि, शहीदों का बलिदान देश और समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा तथा हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। प्रदेश पदाधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि, शुरू से ही रौतिया समाज देशभक्त रहा है, जो निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और देश के लिए बलिदान देने के लिए कभी पीछे नहीं हटेगा। आज इतनी कड़ी गर्मी में भी समाज की विशेष संगोष्ठी में सम्मिलित ग्रामीण, माताएं-बहनें इस बात का प्रमाण हैं। अंत में सभी ने अमर शहीदों को नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन रौतिया समाज छत्तीसगढ़ ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में रौतिया समाज छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष हेमनरायण, सचिव पालू राम प्रधान, कोषाध्यक्ष बजरंग राम, संगठन महामंत्री बंधन सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, सचिव हेमराज सिंह, कोषाध्यक्ष राहुल सिंह, संगठन महामंत्री देव प्रधान, सदस्य रोहित सिंह एवं देवेंद्र सिंह, दीपक सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## बख्तर व मुंडन की स्मृति में मनाया गया शहीद दिवस




**जशपुरनगर।** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में शनिवार 4 अप्रेल को बिजली टोली स्थित रौतिया भवन में शहीद बख्तर साय व मुंडन सिंह की स्मृति में शहीद दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में जिले भर के रौतिया समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में रौतिया समाज के लोगों ने शहीद बख्तर साय व मुंडन सिंह की प्रतिमा में माल्यार्पण कर नमन किया। उनके बलिदान व योगदान को याद करते हुए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विद्याचरण सिंह ने बताया, वीर शहीद बख्तर साय, वीर शहीद मुंडल सिंह, एक स्वतंत्रता सेनानी, जिन्होंने 1812 ई में अंग्रेजों की टैक्स नीति, आदिवासियों पर जबरन कर लगाने और उनके शोषण के खिलाफ खुली चुनौती देते हुए डंटकर मुकाबला किया। किंतु अंग्रेजों द्वारा कुटिलता से पकड़े जाने के बाद, हजारीबाग होते हुए कोलकाता जेल ले जाया गया, जहां 4 अप्रैल सन 1812 ई को उन दोनों लौह पुरुष को फांसी दे दी गई। तब से वीर शहिद लोह पुरुषों को याद कर 4 अप्रैल के दिन शहादत दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में रौतिया समाज के घनश्याम सिंह प्रांतीय अध्यक्ष, कपिल देव साय कार्यकारी अध्यक्ष, मीनू सिंह सचिव, टीएन सिंह अध्यक्ष जशपुर मंडल, अमित सिंह सचिव, सुरज सिंह कोषाध्यक्ष जशपुर मंडल समेत समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## समुदाय की शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

# राज्यपाल ने की बिरहोर जनजाति के लोगों से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

राज्यपाल रमेन डेका ने आज कुनकुरी विकासखंड के बहेराखार ग्राम का दौरा कर विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय के लोगों से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनके रहन-सहन, जीवनशैली को नजदीक से समझा और उनसे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। राज्यपाल ने बिरहोर समुदाय के लोगों से चर्चा करते हुए विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों तक सभी शासकीय योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके और वे मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सकें। राज्यपाल रमेन डेका ने बिरहोर समुदाय के लोगों से संवाद करते हुए उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने समुदाय के लोगों से अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह देते हुए कहा कि बीमारी की स्थिति में अस्पताल या स्वास्थ्य शिविरों में जाकर समय पर ▶▶ शेष पेज 4 पर



### पद्मश्री यादव ने किया संघर्षों का उल्लेख

पद्मश्री जागेश्वर यादव ने राज्यपाल रमेन डेका के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने उन्होंने बिरहोर समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के अपने लंबे संघर्षों का उल्लेख भी किया। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 1980 से इस विशेष पिछड़ी जनजाति के बीच रहकर कार्य कर रहे हैं। उस समय बिरहोर समुदाय के लोग घने जंगलों में निवास करते थे, जंगलों से प्राप्त फलों पर निर्भर रहते थे और जमीन पर ही जीवन यापन करते थे। उन्होंने कहा कि इन समुदायों को वर्तमान स्थिति तक लाने में उन्हें अनेक कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लगातार प्रयास, जागरूकता और शासन-प्रशासन के सहयोग से आज बिरहोर समुदाय के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है और वे धीरे-धीरे मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

### बहेराखार में बिरहोर परिवारों के समग्र विकास के लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कर रहा कार्य

कलेक्टर रोहित व्यास ने राज्यपाल को जानकारी देते हुए बताया कि, विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए प्रशासन गंभीरता और तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम बहेराखार में बिरहोर समुदाय के कुल 22 परिवार निवासरत हैं, जिनकी कुल जनसंख्या 85 है। इनमें से 73 लोगों के आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। सभी परिवारों का सिकल सेल स्क्रीनिंग परीक्षण पूर्ण कर लिया गया है तथा सभी को राशन कार्ड उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त 19 परिवारों के जॉब कार्ड भी बनाए जा चुके हैं।

### राज्यपाल ने मोबाइल मेडिकल यूनिट का अवलोकन



राज्यपाल रमेन डेका ने शनिवार को कुनकुरी विकासखंड के ग्राम बेहराखार में पीएम जनमन योजना अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने यूनिट में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मोबाइल मेडिकल यूनिट में ऑक्सीजन सिलेंडर, सीवीसी मशीन, आवश्यक दवाइयों सहित विभिन्न उपचार उपकरण उपलब्ध हैं। साथ ही इसमें डॉक्टर, नर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम भी तैनात रहती है, जो दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। अवलोकन के उपरांत राज्यपाल ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही अधिकारियों से कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण कर स्वास्थ्य जांच एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि इन समुदायों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर पद्म जागेश्वर यादव, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'प्रशिक्षण महाअभियान' के बहाने दिलों को जीत रहे विजय



**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' का समापन हाल ही में हुआ, लेकिन इस अभियान ने राजनीति के पारंपरिक दायरों को तोड़कर रिश्तों की एक नई इबारत लिख दी। पंडरा पाठ सहित जिले के विभिन्न मंडलों में आयोजित इस बैठक के दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव का एक ऐसा रूप देखने को मिला, जिसने न केवल कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया, बल्कि क्षेत्र के ग्रामीणों को भी भावुक कर दिया।

### राजसी वैभव छोड़ ग्रामीणों के बीच बिताई रातें

राजपरिवार से ताल्लुक रखने के बावजूद विजय आदित्य सिंह जूदेव मंडल की बैठकों के लिए केवल औपचारिकता निभाने नहीं पहुंच रहे हैं। जहां अमूमन राजसी ठाठ-बाट की अपेक्षा की जाती है, वहां विजय आदित्य ने सादगी की मिसाल पेश करते हुए गांवों की चौखट को चुना। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत, उन्होंने किसी आलीशान व्यवस्था के बजाय ग्रामीणों के घरों में ठहरना और जमीन पर बैठकर उनकी समस्याएं सुनना बेहतर समझा।

### स्व दिलीप सिंह जूदेव की यादें हुईं ताजा

विजय आदित्य के इस आत्मीय व्यवहार ने क्षेत्र के बुजुर्गों को जशपुर के गौरव स्व कुमार दिलीप सिंह जूदेव की याद दिला दी। ग्रामीणों का कहना है कि, कुमार साहब का जनता के साथ एक गहरा जुड़ाव था। वे हमेशा लोगों के सम्मान और हक के लिए उनके बीच खड़े रहते थे। आज उसी पदचिह्न पर चलते हुए विजय आदित्य सिंह जूदेव ने यह साबित कर दिया है कि, उनके लिए जनता का स्नेह ही सबसे बड़ी राजसी संपत्ति है।

## जशरंग नाट्य महोत्सवः अटल की जीवंत यात्रा ने बांधा समां

**जशपुरनगर।** शहर में रंगमंच की नई हलचल के साथ जशरंग राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का शुक्रवार को वशिष्ट कम्युनिटी हॉल में भव्य आगाज हुआ। छत्तीसगढ़िया क्लाउड की ओर से आयोजित इस महोत्सव की शुरुआत ही ऐसी प्रस्तुति से हुई, जिसने दर्शकों के मन-मस्तिष्क पर गहरी छाप छोड़ दी। पहली प्रस्तुति के रूप में मंचित नाटक 'मेरी यात्रा अटल यात्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन को इतने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया कि पूरा सभागार भावनाओं से भर उठा। नाटक में अटलजी के बचपन से लेकर उनके राजनीतिक शिखर और अंतिम समय तक की यात्रा को बेहद




सहज और संवेदनशील अंदाज में प्रस्तुत किया गया। उनके कवि रूप, ओजस्वी वक्ता, सिद्धांतवादी राजनेता और राष्ट्रनायक के रूप को एकल अभिनय के माध्यम से इस तरह पिरोया गया कि दर्शक हर दृश्य से खुद को जुड़ा महसूस करते रहे। पूरी प्रस्तुति की सबसे बड़ी ताकत इसका एकल अभिनय रहा। कलाकार ने अकेले ही मंच पर अटलजी के विभिन्न रूपों को जीवंत कर दिया। संवाद अदायगी, आवाज का उतार-चढ़ाव, हाव-भाव और मंच संचालन इतना प्रभावशाली रहा कि दर्शक कई बार तालियों से सभागार गुंजायमान करते रहे।

**प्रकाश, संगीत और कविताओं का भावनात्मक संगम**-नाटक में प्रकाश व्यवस्था, बैकग्राउंड म्यूजिक और अटलजी की चर्चित कविताओं का संयोजन इसे और अधिक प्रभावशाली बना गया। हर सीन के साथ बदलती रोशनी और संगीत ने दर्शकों को कहानी के भीतर खींच लिया। कविताओं के पाठ ने प्रस्तुति में आत्मा भर दी, जिससे नाटक सिर्फ दृश्य नहीं बल्कि अनुभव बन गया। शुक्रवार शाम आयोजित इस प्रस्तुति को देखने बड़ी संख्या में शहरवासी पहुंचे। खास बात यह रही कि नाटक के अंत तक दर्शक अपनी सीटों पर डटे रहे और प्रस्तुति समाप्त होते ही दर्शकों ने खड़े होकर तालियों से कलाकार का उत्साहवर्धन किया।

## केंद्र सरकार की नीतियों ने देश पर महंगाई थोप दीः कांग्रेस

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता की मार झेल रहा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि, मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों, कुप्रबंधन और संवेदनहीन फैसलों के कारण आज देश की जनता पर महंगाई की ऐसी मार पड़ी है कि, रसोई से लेकर इलाज तक सब भी कुछ आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है।

दुनिया राहत दे रही, मोदी सरकार छीन रही- कांग्रेसियों ने कहा, आज




दुनिया के कई देश अपने नागरिकों को महंगाई से राहत दे रहे हैं। लेकिन भारत में प्रधानमंत्री ने शायद आपदा में अवसर का नया अर्थ खोज लिया है।इस दौरान कांग्रेसियों ने गैस व पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोतरी को लेकर सरकार को जमकर कोसा। साथ ही कांग्रेस ने मनरेगा के मुद्दे पर सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि, यूपीए सरकार ने मनरेगा के माध्यम से गरीबों को रोजगार की कानूनी गारंटी दी थी, लेकिन मोदी सरकार ने उसे भी कमजोर कर दिया। कांग्रेस ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि, यदि केंद्र सरकार ने महंगाई पर तुरंत नियंत्रण नहीं किया तो कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक जन आंदोलन करेगी।

## पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

# जशपुर ग्रामीण मंडल में संगठन सशक्तिकरण महाअभियान

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जशपुर ग्रामीण मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला उत्साह एवं संगठनात्मक ऊर्जा के साथ आयोजित हआ। कार्यशाला में संगठन की मजबूती, विचारधारा, कार्यपद्धति एवं आधुनिक कार्यशैली पर गहन मंथन के साथ मार्गदर्शन दिया गया।

भाजपा संगठन एक राजनीतिक संरचना नहीं, राष्ट्र निर्माण का माध्यम- कार्यशाला में जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि, भाजपा का संगठन केवल एक राजनीतिक संरचना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि, वे केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि,




हमारा लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा का सच्चा प्रतिनिधि बनकर समाज में कार्य करे। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली इतिहास, संघर्ष और विकास यात्रा को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि, किस प्रकार जनसंघ के समय से लेकर आज तक पार्टी ने विचार, सिद्धांत और संगठनात्मक अनुशासन के बल पर निरंतर प्रगति की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है, जो बिना स्वार्थ राष्ट्रहित में कार्य करता है। अन्य वक्ताओं ने भी रखे विचार- नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने कार्यपद्धति पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को अनुशासन, समयबद्धता एवं समन्वय के साथ कार्य करने की सीख दी। जनपद अध्यक्ष गंगा राम भगत ने बूथ प्रबंधन को संगठन की आधारशिला बताते हुए प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने पर जोर दिया। संजीव ओझा ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर मार्गदर्शन देते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों को ▶▶ शेष पेज 4 पर

## बिहान योजना से सशक्त हो रहीं महिलाएं

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्रीविष्णु देव साय के सुशासन में 'बिहान' योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। स्व सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आजीविका के नए अवसर विकसित कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। कांसाबेल विकासखंड के ग्राम टांगरगांव की संज्योति चौहान ने बैंक सखी के रूप में कार्य कर आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल प्रस्तुत की है। वे चांदनी स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला, जिससे उनके आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिली। श्रीमती चौहान वर्ष 2019 से ग्रामीण बैंक से संबद्ध बैंक सखी के रूप में कार्य कर रही हैं। वे किराना दुकान के साथ-साथ बैंकिंग



सेवाएं भी प्रदान कर रही हैं। उनके द्वारा प्रतिमाह लगभग 8 से 9 लाख रुपये तक का लेन-देन किया जाता है, जिससे उन्हें औसतन 3 से 4 हजार रुपए की आय प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त वे डिजिटल भुगतान, बीमा एवं अन्य वित्तीय सेवाओं के माध्यम से ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने बताया कि, बैंक सखी के रूप में कार्य प्रारंभ करने के लिए उन्होंने स्व सहायता समूह के माध्यम से 68 हजार रुपए का ऋण लिया, जिससे उन्हें यह कार्य शुरू करने में सहायता मिली।

## खबर संक्षेप

### साइड देने के चक्कर में पलटी कार, महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** बतौली थाना अंतर्गत ग्राम सरमाना निवासी बलधनी बाई पति जुगुन बिहारी (58 वर्ष ) दोपहर बेटा तिलेश्वर, बहू व चार वर्षीय पोता के साथ इलाज करने शहर आ रहे थे। जैसे ही कार सवार लुचकी घाट मंदिर के समीप पहुंचे तभी कार चला रहे तिलेश्वर ने विपरीत दिशा से आ रहे वाहन को साइड देने लगा। इसी बीच कार का पहिया सड़क किनारे पत्थर पर चढ़ जाने से कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट कई। कार पलटने से बलधनी बाई गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि सवार अन्य लोग भी घायल हो गए। घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ समय बाद घायल बलधनी बाई की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### शटर का ताला तोड़ चोरों ने दुकान से पार किया नगदी व सामान

**अम्बिकापुर।** रजत गोयल ने कोतवाली में शिकायत किया है 1 अप्रैल की रात दुकान बंद करके कुछ फासले पर स्थित घर चले गया था। देर रात दो चोरों ने मुख्य मार्ग से लगे दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखे नगदी 10 हजार रुपए के अलावा किराना सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी सुबह लगी जब संचालक दुकान पहुंचा तो देखा शटर का ताला टूटा और दुकान का सामान बिखरा हुआ है। दुकान में चोरी होने की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। इसी बीच जब दुकान के समीप लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज देखा तो देर रात दो युवक लाइट के उजाले में ताला तोड़ कर दुकान में दाखिल हुए और चोरी कर भागते नजर आए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### चनवारीडांड के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में धूमधाम से मना जन्मोत्सव

मनेन्द्रगढ़। श्री सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर गौटियापारा चनवारीडांड़ में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के पुजारी पंडित अशोक मिश्रा द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई गई। इस दौरान मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओ ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। शाम को हनुमान मंदिर में महाआरती की गई। इसमें पूर्व विधायक गुलाब कमरो, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ मिश्रा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महाआरती के बाद परिसर में भजनो की प्रस्तुति मनेन्द्रगढ़ के कलाकार नरोत्तम शर्मा, मुकेश गुप्ता, रामजी वैश्य, वेद पांडे, गौतम शर्मा, राजा देवानी, गौरव मिश्रा, श्रीमती प्रीति वैश्य द्वारा दी गई। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा सरजू यादव, जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा, जनपद सदस्य रविशंकर वैश्य, सरपंच सोनू सिंह उरांव, चेम्बर आफ कामर्स के प्रदेश मंत्री संजीव ताम्रकार, प्रदीप जैन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, पार्षद अनिल प्रजापति, स्वप्निल सिन्हा,जमील शाह, विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल के संजय सेंगर, प्रबल स्त्री फाउंडेशन की डाक्टर रश्मि सोनकर , श्रीमती नीलम सोनी, श्रीमती गंगा ताम्रकार आदि शामिल रहे। संजय सिंह, नवीन सिंह, मुन्ना गुप्ता, मृत्युंजय सोनी, चंद्रशेखर अग्रवाल, मनीष गुप्ता, अशोक केशरवानी, विकास गोयल, शिव केवट शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में हनुमान मंदिर समिति के भूपेन्द्र भंडारकर, सतीश गुप्ता, तरूण, रूपेश, प्रशांत, ज्ञानी, प्रकाश, प्रियांशु, नीतेश, समीर, चिंटू आदि सदस्यों का योगदान रहा।

### सिलफिली में निशान यात्रा के साथ गूंजा खाटू श्याम बाबा का नाम

**बिश्रामपुर।** ग्राम सिलफिली में श्री श्याम सेवा समिति सिलफिली के तत्वाधान में निशान यात्रा के साथ खाटू श्याम बाबा का विशाल संकीर्तन आयोजित किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को आयोजन समिति द्वारा भक्तों के साथ निशान यात्रा निकाला गया। निशान यात्रा श्री राधा गोविंद मंदिर से हाई स्कूल मैदान कार्यक्रम स्थल तक पहुंची ।जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु हाथों में रंग-बिरंगे ध्वज लिए गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ शामिल हुए।इस दौरान महिलाएं, युवा और बुजुर्ग सभी भक्ति में लीन नजर आए। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का सरगुजा में समापन

# मल्लखंभ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छग की बालक-बालिका टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- महराष्ट्र की टीम रही द्वितीय, झारखण्ड तीसरे नंबर पर

सरगुजा में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय मल्लखंभ का शुक्रवार को समापन किया गया। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के तहत आयोजित मल्लखंभ प्रतियोगिता में देश के 14 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज कला का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में इस बार छत्तीसगढ़ की टीम ने अपना लोहा मनवाया। प्रदेश की महिला एवं पुरुष टीमों ने प्रथम स्थान हासिल करने के साथ हो गोल्ड मेडल हासिल किए।

बता दें कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के तहत सरगुजा में भी कुश्ती दंगल और उसके बाद मल्लखंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया। राष्ट्रीय स्तर की मल्लखंभ प्रतियोगिता में देश के 14 राज्यों से टीमें शामिल हुई। मलखंभ प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग में टीम चैंपियनशिप (पोल एवं रोप मलखंभ), पिरामिड चैंपियनशिप तथा पुरुष एवं महिला वर्ग में पिरामिड, पोल एवं रोप मलखंभ शामिल हैं। टीम स्पर्धाओं में अधिकतम 6 खिलाड़ियों की भागीदारी निर्धारित की गई थी। प्रतियोगिता का शुभारंभ 2 अप्रैल को किया गया। पहले दिन की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने 124.35 अंक के साथ प्रथम, महाराष्ट्र ने 118.35 के साथ द्वितीय व झारखंड ने 86.95 अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया था। इसके साथ ही शुक्रवार को प्रतियोगिता का समापन किय गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने रोप मल्लखंभ, पोल मल्लखंभ, हैंगिंग मल्लखंभ, पिरामिड मल्लखंभ में एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर वहां मौजूद दर्शकों द्वारा तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता के बाद विजेता टीम घोषित किया गया। समापन के दौरान प्रतिस्पर्धा में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विजेता घोषित की गई। विजेता टीमों को शनिवार को आयोजित मेडल सेरेमनी में मेडल प्रदान किया जाएगा।



अतिथियों के साथ खिलाड़ी।





### इन टीमों ने हासिल किया मेडल

मल्लखंभ प्रतियोगिता में देश के 14 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। राज्यों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर जीत के लिए दमखम लगाया। छत्तीसगढ़ की टीम ने बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने 124.35 अंक के साथ गोल्ड, महाराष्ट्र की टीम ने 118.35 अंक के साथ सिल्वर एवं झारखण्ड की टीम ने 86.95 अंक के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं बलिका वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम ने 80.15 अंक के साथ गोल्ड, महाराष्ट्र की टीम ने 69.90 अंक के सिल्वर एवं झारखण्ड की टीम ने 49.80 अंक के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## रेलवे स्टेशन गुड शेड में लगे कॉपर केबल की हुई चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- आरोपी युवक गिरफ्तार, ट्रक को किया जब्त



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिश्रामपुर स्टेशन के नए गुड शेड की चार नंबर लाइन में लगे सिग्नल केबल चोरी के मामले को आरपीएफ ने तत्परता से सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है,गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुहेल अंसारी (21 वर्ष), निवासी नवागढ़, अंबिकापुर के रूप में हुई है, जो ट्रक का क्लीनर है। उसे गुरुवार को रेलवे के स्पेशल मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, दो दिन पूर्व बिश्रामपुर स्टेशन के नवीन गुड शेड की चार नंबर लाइन में ट्रेनों के संचालन के लिए लगाए गए तांबेयुक्त सिक्स-कोर केबल को अज्ञात चोरों ने काट कर पार कर दिया था। इस घटना के चलते उक्त लाइन का सिग्नल सिस्टम ठप्प हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ अंबिकापुर की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। आरपीएफ की टीम ने गुड शेड क्षेत्र में हाल ही में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आसपास सघन तलाशी अभियान चलाया गया। जांच के दौरान गुड शेड में खड़े एक ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईडी 4795 के डाले में कटा हुआ केबल तिरपाल से ढका हुआ मिला।आरपीएफ ने ट्रक मालिक निहाल अहमद (निवासी पर्राडांड, अंबिकापुर) को बुलाकर पूछताछ की। बताया गया कि ट्रक चालक वाहन खड़ा कर घर चला गया था। इसके बाद क्लीनर सुहेल अंसारी से पूछताछ की गई, जिसने केबल काटकर ट्रक में छिपाने की बात स्वीकार कर ली।

आरपीएफ ने आरोपी को रेलवे अधिनियम की धारा 3 (ए) आरपीयूपी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।कार्यवाही में आरपीएफ पोस्ट अंबिकापुर प्रभारी निरीक्षक सुनीता मिंज और उनकी पूरी टीम सक्रिय रही।घटना में शामिल ट्रक और केबल को भी आरपीएफ ने अपने कब्जे में लिया है।



## परसा और नवानगर मंडल प्रशिक्षण महाभियान में कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

**अंबिकापुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल परसा और नवानगर के संयुक्त प्रशिक्षण सत्र का समापन अग्रसेन भवन में किया गया। समापन सत्र की अध्यक्षता अग्रवाल सभा सरगुजा के जिला अध्यक्ष संजय मित्तल ने की, जबकि विषय वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे।

इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि आज के युग में कार्यकर्ताओं का निरंतर प्रशिक्षण अनिवार्य है, क्योंकि यह न केवल व्यक्तिगत क्षमता बढ़ाता है बल्कि संगठन को मजबूत और अनुशासित बनाता है। प्रशिक्षण के बिना कार्यकर्ता केवल संख्या मात्र रह जाते हैं, लेकिन प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही भाजपा को राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बनाते हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को अपनाकर हम एकात्म मानववाद की दिशा में अग्रसर होंगे, जो हमें अन्य दलों से अलग करता है। अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि देश की कोई अन्य राजनीतिक पार्टी इस पैमाने पर व्यवस्थित प्रशिक्षण नहीं चलाती। यही कारण है कि भाजपा के अनुशासित और प्रशिक्षित कार्यकर्ता संगठन को अद्वितीय ऊंचाइयों पर ले जाते हैं।

इस अवसर पर विषय वक्ता और सत्र अध्यक्षों को शॉल, श्रीफल तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, परसा मंडल अध्यक्ष संतोष जायसवाल, नवानगर मंडल अध्यक्ष बाली चरण यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शर्तिया इलाज का दावा कर अवैध क्लिनिक का हो रहा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कथित रूप से अवैध क्लिनिक संचालित होने और भोले-भाले ग्रामीणों से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूलने के आरोप सामने आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कुछ लोग चांदसी दवाखाना सहित विभिन्न नामों से क्लिनिक संचालित कर हाइड्रोसील, बवासीर, भगंदर समेत अन्य गुप्त रोगों के शर्तिया इलाज का दावा कर रहे हैं। उक्त दावा आयुर्वेद के आड़ में प्रशासन की कार्रवाई से बचने दिखावे के लिए किया जा रहा है। आरोप है कि इन क्लिनिकों का संचालन करने वाले कथित लोगों के पास न तो मान्य चिकित्सकीय डिग्री है और न ही दवाखाना संचालन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब-जब प्रशासन द्वारा जांच अभियान चलाया जाता है, ये क्लिनिक संचालक अपने ठिकाने बंद कर फरार हो जाते हैं और कार्रवाई ठंडी पड़ते ही दोबारा सक्रिय हो जाते हैं। आरोप है कि इन क्लिनिक संचालकों ने गांव स्तर पर एजेंट नियुक्त कर रखे हैं, जो मरीज लाने पर कमीशन प्राप्त करते हैं। प्रचार-प्रसार के लिए पंपलेट बांटे जाते हैं, जिनमें "शर्तिया इलाज" की गारंटी दी जाती है। गौरतलब है कि सरकारी स्तर पर मुफ्त इलाज और दवाइयों की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद, ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी के कारण लोग ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों के झांसे में आ जाते हैं और आर्थिक नुकसान उठाते हैं। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से ऐसे अवैध क्लिनिकों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में सूरजपुर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत ने कहा कि इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही है। सीएमओ से इस संबंध में जल्द चर्चा कर कार्रवाई के लिए वे बात करेंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी ऐसे क्लिनिक संचालकों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** पस्ता निवासी राम प्रसाद आ. छोटया (46 वर्ष) 2 अप्रैल की शाम शराब पीकर घर आया और कमरे में रखे कीटनाशक को पी लिया। इसी बीच कमरे में कीटनाशक की गंध आने पर बेटी अवन्तरा व पत्नी ने कमरे में आकर पूछताछ किया तो राम प्रसाद ने कहा कि दोनों से अंतिम बार बात कर रहा हूं जिसके बाद उसका शरीर अकड़ने लगा। परिजन तत्काल उसे बलरामपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन देर रात राम प्रसाद को लेकर मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## कलेक्टर ने लखनपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य व आम्बा केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- प्रशिक्षित स्टाफ नर्स से ही प्रसव कराने के निर्देश, समय पर सहायता राशि प्रदान करने कहा



कलेक्टर अजीत वसंत व जिपं सीईओ विनय अग्रवाल के साथ लखनपुर विकासखण्ड का दौरा किया। उन्होंने यहां विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सहित निर्माण कार्यों एवं अन्य संस्थानों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने लखनपुर के दूरस्थ क्षेत्र कुन्नी में निर्माणाधीन नवीन आंगनबाड़ी केंद्र एवं महतारी सदन का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति जानकारी ली तथा समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुंवरपुर स्थित सरगुजा छेरी बैंक का अवलोकन किया। यहां लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं के प्रभाव एवं उनके अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने कुंवरपुर क्षेत्र में एलएससी केंद्र का निरीक्षण करते हुए संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत एफएमडी वैक्सीनेशन कार्य में संलग्न पशु सखियों एवं एनआरएलएम कैडरों से चर्चा की। उनके द्वारा संचालित जागरूकता गतिविधियों की सराहना करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री वसंत स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लहपटरा एवं कुन्नी पहुंचे। पीएचसी लहपटरा में बताया गया कि प्रतिमाह लगभग 15 प्रसव हो जाते हैं, इस माह 5 प्रसव हुए हैं। कलेक्टर श्री वसंत ने प्रशिक्षित स्टाफ नर्स से ही प्रसव करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां फार्मासिस्ट के रिक्त पद को भरने हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान 100 दिवस टीबी मुक्त अभियान की जानकारी ली गई एवं टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को पूरे ग्राम पंचायत में अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां टीबी मरीजों से मुलाकात पोषण किट का वितरण किया। पीएचसी कुन्नी में कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव में महिलाओं को प्रदान किए जाने वाली 1400 रुपए की सहायता राशि समय पर दिया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि कोई भी प्रकरण लंबित ना रहे। उन्होंने कहा कि बैंक खाते के कारण लंबित प्रकरणों के लिए सम्बंधित का खाता खुलवाया जाए। उन्होंने संस्थागत प्रसव की जानकारी ली तथा प्रतिमाह औसत 10 प्रसव प्रशिक्षित स्टाफ नर्स से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी मरीजों को मच्छरदानी लगाने कहा। कलेक्टर श्री वसंत ने हायर सेकेंडरी स्कूल कुन्नी में विद्यालय परिसर, कक्षाओं सहित शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र कुन्नी खास में बच्चों की उपस्थिति, पूरक पोषण आहार वितरण तथा कुपोषण मुक्त अभियान अंतर्गत दिए जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया एवं पोषण ट्रैकर में ऑनलाइन एंट्री की स्थिति की समीक्षा की।

### ग्रामीण पर टांगी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** बकरी के आंगन में घूस कर टमाटर खाने से नाराज ग्रामीण ने बकरी मालिक पर टांगी से जान लेवा हमला कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम केदमा पेंडरखी निवासी दिलेश्वर रजक 16 फरवरी को बकरी चराने गया था। इसी दौरान एक बकरी शोभनाथ के आंगन में घुसकर टमाटर की फसल को खा लिया। टमाटर की फसल को नुकसान पहुंचाने से शोभनाथ आक्रोशित हो गया और दिलेश्वर रजक से गाली-गलौज करते हुए अपने पास रखे टांगी से उस पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे दिलेश्वर घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(3), 115(2) के तहत अपराध दर्ज किया। इधर पुलिस ने जब पीड़ित का सीटी स्कैन कराया और गंभीर चोट पाए जाने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 109 जोड़ने के साथ तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी शोभनाथ आ. सोमार साय ( 53 वर्ष) ने टांगी से हमला करने की बात कबूल की।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने छात्रावास में चलाया कानूनी जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर के मार्गदर्शन में पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास एवं प्री मैट्रिक बालक छात्रावास में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती अंजलि पाण्डेय ने की। उन्होंने छात्रों को अत्यंत सरल एवं बोधगम्य भाषा में विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। न्यायाधीश ने पॉक्सो एक्ट 2012 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए अपराध की गंभीरता एवं न्यायालयीन प्रक्रिया समझाई। उन्होंने दो छोटे बच्चों को पास बुलाकर गुड टच-बैड टच की अवधारणा को व्यावहारिक उदाहरणों से सरलता से समझाया। आईटी एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देते हुए न्यायाधीश ने डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर वीडियो कॉल पर ठगी, बैंक केवाईसी के नाम पर धोखाधड़ी, परिजनों की दुर्घटना का भय दिखाकर ठगी तथा अनजान महिलाओं से वीडियो कॉल पर बात कर ब्लैकमेल जैसे साइबर अपराधों के उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि साइबर ठग डर और लालच के आधार पर ही ठगी करते हैं, इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है। ऐसी कोई घटना होने पर तत्काल माता-पिता, शिक्षक या पुलिस थाने को सूचित करने की



सलाह दी गई। न्यायाधीश ने मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत वाहन पंजीयन, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस जैसे आवश्यक दस्तावेजों के महत्व पर प्रकाश डाला। नाबालिग द्वारा वाहन चलाने तथा आवश्यक कागजात के अभाव में दुर्घटना की स्थिति में होने वाले कानूनी परिणामों की भी जानकारी दी। इसके अतिरिक्त चोरी के वाहन खरीदने-बेचने पर लागू दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी देते हुए यातायात नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया। इस दौरान छात्रावास अधीक्षक रामज्ञान सिंह, भुवनेश्वर सिंह तथा पैरालीगल वॉलंटियर्स सत्य नारायण, उमेश कुमार रजवाड़े, चिरंजीव लाल रजवाड़े एवं सद्दाम हुसैन उपस्थित रहे।

## समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण कार्यों के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न निर्माण कार्य विभागों की मासिक समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में आदिम जाति विकास विभाग के निर्माण कार्यों पर चर्चा की गई। जिसमें कन्या एवं बालक छात्रावास, पोस्ट मैट्रिक आदिवासी छात्रावास एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने छात्रावास में आ रही समस्याओं के त्वरित समाधान करने एवं आवश्यक मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ, सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्मित सड़कों की



बैठक को संबोधित करते कलेक्टर।

स्थिति की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। सेतु निर्माण विभाग से जिले में निर्मित पुलों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सभी पुलों की समय-समय पर जांच एवं आवश्यक अनुरक्षण सुनिश्चित करने के साथ ही जिले के जिन पुलों की स्थिति जर्जर है वहां शीघ्र अति शीघ्र नए पुल निर्माण के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क मरम्मत, सड़क चौड़ीकरण, स्कूल भवन, बाउंड्री वॉल एवं छात्रावास निर्माण सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को फील्ड में जाकर कार्यों की निगरानी करने तथा नए सड़कों के निर्माण के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने हाउसिंग बोर्ड के अंतर्गत कार्य प्रगति की जानकारी ली और होने वाले नवीन निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्युत विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार विद्युतीकरण कर किसानों को लाभ पहुंचाने वाले कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें ताकि लोगों को इन कार्यों का शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना,राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु निर्माण विभाग, छग मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन, हाउसिंग बोर्ड, विद्युत विभाग एवं यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता उपस्थित थे।



# खुद कमानी पड़ती है अपनी जीत

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के बॉलीवुड करियर को 26 साल हो चुके हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन, वह ऐसे परिवार में आते हैं, जहां तीन बड़े नामी स्टार मौजूद हैं। पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। मां जया बच्चन एक उम्दा अभिनेत्री रही हैं। वहीं, पत्नी ऐश्वर्या विश्व सुंदरी और बॉलीवुड की सबसे हिट एक्ट्रेस में शामिल रही हैं। अक्सर ही अभिषेक बच्चन के कॅरियर की तुलना उनकी पत्नी के कॅरियर से होती है। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिषेक ने फिर मन की बात कही है। अभिषेक से पूछा गया कि शादी के बाद ज्यादा सफल पार्टनर के साथ रहने पर कुछ लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। इस पर अभिषेक कहते हैं, 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए जीतना चाहता हो, क्योंकि किसी और ने हार मान ली। मुझे बचपन से यही सिखाया गया है कि आपको अपनी जीत खुद कमानी पड़ती है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी सोच ऐसी ही है।

लाइफ Style

# दिव्या
## एक बार में साइन की 20 मूवीज



दिव्या दत्ता ने 16 की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया। साल 1999 में आई पंजाबी फिल्म 'शहीद-ए-मोहब्बत बूटा सिंह' से उन्हें पहचान मिली। शुरुआत में दिव्या को लगता था कि वह कहीं फिट नहीं बैठतीं। लेकिन, दिव्या मानती हैं कि कई सालों तक उन्हें काम मिलना बहुत मुश्किल था। इसी दौरान 'वीर जारा' के बाद उनकी किस्मत बदली और उन्हें ढेरों ऑफर मिलने लगे।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या ने एक साथ करीब 20 फिल्में साइन कर लीं, लेकिन बाद में आदित्य चोपड़ा से बातचीत के बाद कई फिल्मों के पैसे वापस कर दिए। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मेरे लिए अपनी जगह बनाना ही एक सफर था। इस दौरान आपको समझ आता है कि आपको क्या चाहिए। जैसे-जैसे जिंदगी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे सोच में स्पष्टता आती है कि मुझे क्या चाहिए। आप अपनी जगह, अपना पैशन ढूंढ लेते हैं और समझ जाते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए।' दिव्या दत्ता ने बताया कि साल 2007 के आसपास एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें एक साथ कई फिल्मों के ऑफर मिले और उन्होंने लगभग 20 फिल्में साइन कर लीं। उन्होंने कहा, मुझे याद है, मैंने 20 के करीब फिल्में साइन कर ली थीं, क्योंकि एक वक्त था जब मेरे पास कोई काम नहीं था। अचानक इतने ऑफर आए कि मैंने सब ले लिए। हालांकि, दिव्या ने उन सभी फिल्मों से खुद को अलग कर लिया जिन पर उन्होंने काम शुरू नहीं किया था, और इसकी वजह थी आदित्य चोपड़ा से हुई एक मुलाकात। उन्होंने पूछा कि मैं इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हूं। तुम बहुत अच्छी एक्टर हो, क्यों न कोई विरासत छोड़ो? दिव्या दत्ता कहती हैं कि आदित्य चोपड़ा से हुई इस बातचीत ने उनके काम और मौकों को देखने का नजरिया बदल दिया।

## हॉलीवुड मसाला

# जस्टिन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप खारिज



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने अपनी फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही मानहानि का केस भी डायरेक्टर पर किया था। यौन उत्पीड़न के आरोप को फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। इसके बाद एक्ट्रेस की लीगल टीम ने अपना फोकस अब मानहानि केस पर कर दिया है। गुरुवार को जज लुईस लिमन ने ब्लेक लाइवली के केस में 13 में से 10 दावों और आरोपों को खारिज कर दिया। इन आरोपों में यौन उत्पीड़न, मानहानि और एक्ट्रेस के खिलाफ साजिश के दावे शामिल थे। इस फैसले बावजूद कोर्ट ने एक्ट्रेस को कुछ आरोपों को ट्रायल के लिए आगे बढ़ाने की अनुमति दी है। अब यह मामला 18 मई को न्यूयॉर्क के एक सिविल ट्रायल कोर्ट में जाएगा।



# एल्बम द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल के नाम पर विवाद

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्गराइटर टेलर स्विफ्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दुनियाभर में अपने करोड़ों फैंस की चहेती, 36 साल की टेलर एलिसन स्विफ्ट अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के नाम को लेकर कानूनी विवाद में उलझ गई हैं। दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लाइव म्यूजिक आर्टिस्ट और सबसे अमीर फीमेल सिंगर, को अब अपने एल्बम के नाम की ब्रांडिंग और मालिकाना हक को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़नी पड़ेगी। कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में दायर इस मुकदमे में टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत पहचान और अनफेयर कंपीटिशन यानी अनुचित प्रतिस्पर्धा के आरोप लगाए गए हैं। अपनी याचिका में मारेन वेड ने अरोप लगाए हैं कि टेलर स्विफ्ट की टीम ने एल्बम रिलीज होने के तुरंत बाद ही उसके टाइटल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है, 'उन्होंने ऐसा चुपचाप नहीं किया। कुछ ही हफ्तों के भीतर, इस नाम को यूजर मार्केट में हर तरह से इस्तोमल किया गया। इसे लेबल, टैग और पैकेजिंग पर छापा गया। साथ ही रिटेल चैनलों में एक पहचान के तौर पर इस्तेमाल किया गया।



# सीता के रूप में साई से बेहतर नहीं हो सकती थी कास्टिंग

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण इस साल के मच अवेटेड प्रोजेक्ट्स में से एक है। फिल्म का पहला हिस्सा इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम की भूमिका निभाएंगे। हनुमान जयंती के अवसर पर लॉन्च टीजर में रणबीर कपूर के लुक को रिवील भी कर दिया गया है। फिल्म में साई पल्लवी सीता के रूप में नजर आएंगी। टीजर लॉन्च इवेंट में रणबीर कपूर ने अपनी को-स्टार साई पल्लवी और यश को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सीता के रूप में साई पल्लवी से बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती थी। भारत से पहले नितेश तिवारी की फिल्म का टीजर अमेरिका (लॉस एंजिल्स) में रिलीज किया गया था। टीजर रिलीज के लिए रणबीर कपूर भी इवेंट में पहुंचे थे। वहां, मीडिया से बातचीत में रणबीर कपूर ने साई पल्लवी को ब्रिलिएंट एक्टर बताया है।



# धुरंधर 2 देखने अंडरकवर बनकर थिएटर पहुंचे माधवन

**मुंबई।** धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा जिस एक्टर की सबसे ज्यादा तारीफ हो रही है, वो हैं आर माधवन। आर माधवन ने फिल्म में अजय सान्याल का किरदार निभाया है। ना सिर्फ माधवन ने इस किरदार के लिए अपने लुक में जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया बल्कि उनके एक्सप्रेशन्स भी कमाल के थे। अब माधवन थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे और दर्शकों का लाइव रिएक्शन ले रहे थे। एग्जिबीटर अक्षय राठी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर माधवन का एक क्लिप शेयर किया है जिसमें माधवन आराम से मूवी देख रहे हैं और चुपके से सबके रिएक्शन भी देख रहे हैं। अक्षय राठी ने क्लिप शेयर कर लिखा कि आईएसआई जो प्लान बनाना चाहें बना सकते हैं। अजय सान्याल की सब पर नजर है। बड़ा मजा आया माधवन को कैप्चर करके।

## टीवी मसाला




# पंचायत के छह साल पूरे हुए, मेकर्स ने जारी की अनदेखी तस्वीरें

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली वेब सीरीज में से एक है। इसके कई सीजन रिलीज हो चुके हैं। सीरीज का सबसे पहला सीजन आज के दिन यानी 3 अप्रैल 2020 को रिलीज हुआ था। पहले सीजन के 6 साल पूरे होने पर मेकर्स ने 'पंचायत' की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने सीरीज के अगले सीजन की अपडेट दी है। इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने 'सीरीज' की जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें सीरीज के अहम कलाकार नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में जितेंद्र अपने साथी कलाकार के साथ मुस्कुरा रहे हैं। एक और तस्वीर में रघुबीर यादव और नीना गुप्ता नजर आ रहे हैं। एक सीन में सुनीता के साथ दुर्गेश कुमार हैं। मेकर्स ने फैसल मलिक की भी तस्वीर शेयर की है। इसमें वह साथी कलाकारों के साथ चारपाई पर बैठे नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में वह स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। वहीं मुख्य कलाकार सान्विका को मेकर्स कुछ समझा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर 'पंचायत' की जो तस्वीरें शेयर की गई हैं, उसके कैप्शन में लिखा है 'फुलेरा में 6 साल बिताए और कभी इसे छोड़कर जाने का मन नहीं किया। इसके नए सीजन की शूटिंग जारी है। इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा है कि उनको सीरीज के नए सीजन का इंतजार है। सीजन 4 के क्लाइमेक्स के बाद, फैंस अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं।

# कॉफी विद करण का आएगा सीजन 9?

**नई दिल्ली।** कॉफी विद करण शो के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। जियो हॉटस्टार करण जौहर के साथ शो के 9वें सीजन के लिए के लिए बातचीत कर रहा है। अगर ये डील लॉक होती है तो फैंस को अपने फेवरेट शो का नया सीजन देखने को मिलेगा।



जियो हॉटस्टार ने शो के लिए शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है और अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक जाता है तो फैंस को कॉफी विद करण का 9वां सीजन देखने को मिलेगा। खबर से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया, "करण इस चीज से अवगत हैं कि ऑडियंस बदल चुकी है। तो वो अपने सेगमेंट्स को छोटा कर सकते हैं और उन्हें आज के हिसाब से बना सकते हैं। गेस्ट लिस्ट भी बदली जाएगी, साउथ के स्टार्स, बॉलीवुड सिलेब्स, ओटीटी एक्टर्स और क्रिएटर्स नए सीजन में कॉफी विद करण के काउच पर नजर आएंगे। हालांकि, चीजें अभी शुरुआती दौर में हैं। अभी डील लॉक नहीं हुई है।" अगर कॉफी विद करण का नौवां सीजन आता है तो ये देखना दिलचस्प होगा कि इस बार कौन-कौन से गेस्ट इंडस्ट्री की इनसाइड स्टोरीज को कॉफी विद करण के काउच पर शेयर करते हैं।

# अली अब्बास की एक्शन- रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे अहान



**मुंबई।** सैयारा फेम एक्टर अहान पांडे एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। शुक्रवार को अली अब्बास जफर ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए फिल्म से अहान पांडे का पहला लुक शेयर किया है, जिस पर फैंस दिल हार बैठे हैं। अहान पांडे की इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। जल्द ही मुख्य अभिनेत्री और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा की जाएगी। फिल्म का निर्माण वाईआरएफ कर रहा है। इसकी शूटिंग मुंबई और विदेशों में होगी। इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान की एक खास तस्वीर शेयर की और लिखा, 'और शुरू हो गई...'। अहान पांडे की इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर अहान पांडे की है। इस तस्वीर में अहान के चेहरे का कुछ हिस्सा साफ नजर आ रहा है, क्योंकि बाकी की तस्वीर धुंधली है। छोटे बाल में अहान का यह लुक कमाल का लग रहा है। इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि वह किसी को देखते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक क्लैप बोर्ड की है। जिसके साथ लिखा, 'यश राज फिल्म्स, प्रोडक्शन नंबर 79, निर्देशक अली अब्बास जफर।' अहान की इस दूसरी फिल्म के पहले लुक ने सेलेब्स और फैंस का दिल जीत लिया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने लिखा, 'मास' और साथ ही फायर इमोजी बनाया है। टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो अली सर', अहान की मां डीन ने लिखा, 'पूरी टीम को शुभकामनाएं'।

# इस महीने रिलीज होंगी एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्मों में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' से लेकर आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की एक्शन थ्रिलर 'डकैत' तक शामिल हैं। अप्रैल महीने में सभी उम्र के दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन होगा। ये हैं अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों की लिस्ट।

### डकैत'

फिल्म 'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' की कहानी में एक्शन, ड्रामा और अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। यह शेनिल देव की पहली निर्देशित फिल्म है। फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी।




### मर्सी

'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे गंभीर विषय पर बनी है। फिल्म की कहानी करुणा, कर्तव्य और कानूनी नैतिकता के बीच की उलझन को दिखाती है। फिल्म 'मर्सी' में आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारिका रायजादा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मर्सी का निर्देशन मितुल पटेल ने किया है। मर्सी 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

### भूत बंगला

प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' पौराणिक कथाओं, काले जादू से प्रेरित है। इसमें वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव और जिस्सू सेनगुप्ता भी हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। 16 मार्च रात 9 बजे से 'भूत बंगला' के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी।

### गिन्नी वेड्स सनी 2

गिन्नी वेड्स सनी 2 एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर मुख्य भूमिका में हैं। यह 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार भी हैं। 'गिन्नी वेड्स सनी 2', 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

# बॉलीवुड की इन दर्द भरी फिल्मों को देखकर निकल जाएंगे आंसू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जो दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं। भले ही ये 2-3 घंटे की फिल्में हो, लेकिन यह आप गहरा असर छोड़ती हैं। बॉलीवुड में ऐसी अनगिनत फिल्में होंगी, जिसमें गहरा दुख-दर्द देखने को मिलता है। क्लाइमैक्स में हीरो-हीरोइन मर जाते हैं। या फिर हीरो-हीरोइन को सच्चा प्यार नहीं मिल पाता है। यहां हम आपको बॉलीवुड की 6 दर्द भरी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मसान

साल 2015 में आई 'मसान' को क्रिटिकली बहुत सराहा गया. फिल्म में श्वेता त्रिपाठी, विक्की कौशल और ऋचा चड्ढा लीड रोल में हैं। इनके दो अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं। फिल्म की कहानी वाराणसी में सेट है, जिसके घाट पर जीवन और मौत का खेल चलता है। एक कहानी में ऋचा है, जो एक स्टुडेंट के साथ होटल में पकड़ी जाती है। स्टूडेंट आत्महत्या करता है। पुलिस इंस्पेक्टर उसका वीडियो बनाता है और उसे ब्लैकमेल करता है। ऋचा के पिता का किरदार संजय मिश्रा ने निभाया है, जो पंडित है और किताब की दुकान चलाते हैं। रिश्वत के पैसे जुटाने के लिए वह गलत काम करते हैं। वे गंगा में सिक्के बटोरने वाले बच्चों के साथ जुआ खेलना शुरू करता है।

## दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं



### तेरे नाम

साल 2003 में आई 'तेरे नाम' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लॉप हुई, लेकिन कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई। सलमान खान किरदार राधे कॉलेज का गुंडा, हॉट टेम्पर वाला लड़का है। वह भूमिका चावला के किरदार निर्जरा से प्यार करता है। निर्जरा ब्राह्मण लड़की है। निर्जरा शुरू में डरती है, लेकिन राधे का बदलता स्वभाव उसे आकर्षित करता है। राधे प्रपोज करता है। लेकिन दुश्मनों से मार खाकर उसका पागल हो जाता है। निर्जरा उसकी देखभाल करती है। राधे की हालत बिगड़ती जाती है। फिल्म प्यार की ताकत, हिंसा के चक्र और पागलपन की दर्द भरी कहानी है।

### देवदास

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित स्टारर 'देवदास' भी दुख से भरी से फिल्म है। 2002 में आई इस फिल्म को ऑडियंस ने खूब पसंद किया. शाहरुख का किरदार देवदास मुखर्जी लंदन से पढ़कर लौटता अमीर जमींदार का बेटा है। बचपन की दोस्त पारो(ऐश्वर्या ) से प्यार करता है। परिवार, जाति और रुतबे के नाम पर विरोध करता है। पारो का विवाह एक बूढ़े व्यक्ति से तय होता है, जिसकी पत्नी मर चुकी है। देवदास टूट जाता है, शराब में डूब जाता है। डांसर चंद्रमुखी उससे प्यार करती है, लेकिन देवदास पारो को ही पुकारता रहता है। देवदास की तबीयत बिगड़ती है। वह पारो के घर के बाहर मरने जाता है। फिल्म क्लासिक ट्रेजेडी- प्यार, घमंड, समाज और आत्म-विनाश की कहानी को दिखाती है।

### द स्काई इज पिंक

साल 2019 में 'द स्काई इज पिंक' कैंसर से लड़ने वाली आयशा चौधरी सच्ची कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में जायरा वसीम ने आयशा का किरदार निभाया. प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर उसके पेरेंट्स बनते हैं। शादी के बाद उनका पहला बच्चा तान्या एससीआई बीमारी से मर जाता है। पेरेंट्स देश-दुनिया में कैंसर का ट्रीटमेंट करवाते हैं। आयशा मोटिवेशनल स्पीकर बनती है, किताब लिखती है। लेकिन, बीमारी बढ़ती जाती है। फिल्म का क्लाइमैक्स मौत को गले लगाने, मां-बाप की कुर्बानी, भाई-बहन के रिश्ते और जिंदगी की खुशियों को संजोकर जीने की सीख देती है।

### वीर-जारा

शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी स्टार 'वीर-जारा' 2004 में आई एक कल्ट फिल्म है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान में रहने वाली दो कपल की कहानी है। फिल्म में शाहरुख ने वीर प्रताप सिंह का किरदार निभाया, जो भारतीय सेना में हैं। जबकि प्रीति पाकिस्तानी लड़की जारा हयात खान के किरदार में दिखी। जारा अपनी दादी अस्थिया विसर्जित करने भारत आती है। बस एक्सीडेंट में वीर उसे बचाता है। दोनों को प्यार होता है। लेकिन जारा की शादी पाकिस्ता में तय हो जाती है। वीर उसे लेने पाकिस्तान जाता है, लेकिन जारा के परिवार वाले उसे जेल भिजवा देते हैं। 22 साल बाद पाकिस्तानी सामिया (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है और जीतती है। वीर-जार की मुलाकात 22 साल बाद होती है।

## पत्थलगांव से होगी 14 दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत

# जिले में 'स्पेस ऑन व्हील्सः अन्वेषण' कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप जिले में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जागरूकता और अध्ययन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अन्वेषण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कड़ी में जशपुर जिले के विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान और इसरो की उपलब्धियों से परिचित कराने के लिए 'स्पेस ऑन व्हील्सः अन्वेषण' कार्यक्रम आयोजित होगा।

कलेक्टर रोहित व्यास की पहल और विज्ञान भारती के सहयोग से जिले के सभी विकासखंडो के विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम का लाभ मिलेगा। स्पेस साइंस व टेक्नोलॉजी के मॉडल्स और कॉन्सेप्ट्स से सुसज्जित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का विशेष वाहन जिले के सभी विकासखण्डों के प्रमुख विद्यालयों का भ्रमण करेगा। स्पेस आन व्हील्स कार्यक्रम के लिए विज्ञान भारती के सदस्य भी जशपुर आएंगे। 7 अप्रैल से प्रारंभ होने वाला यह कार्यक्रम पूरे 14 दिनों तक जिले में चलेगा, जिसकी शुरुआत पत्थलगांव से होगी। तिथियों के अनुरूप निर्धारित विद्यालयों में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन यह विशेष वाहन उपलब्ध रहेगा। जिले के 10 हजार से अधिक विद्यार्थी इस कार्यक्रम से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। विद्यालयों में इसरो के इस विशेष वाहन के भ्रमण के दौरान अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित जानकारियां, वाहन में सुसज्जित स्पेस मॉडल्स-चंद्रयान, मंगलयान, आरएलवी, पीएसएलवी, जीएसएलवी, रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट, कम्युनिकेशन सैटेलाइट, नेविगेशन सैटेलाइट और उनकी कार्यप्रणाली व संभावनाओं के विषय में विद्यार्थियों को बताया जाएगा। फैसिलिटेटर के रूप में भौतिकी के व्याख्याता और वॉलिंटियर्स भी उपस्थित रहेंगे। जिले के विद्यार्थियों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की अलख जगाने में यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा।

## प्रदूषण के खिलाफ कांग्रेस का आक्रोश, बंद करने की चेतावनी

**रायगढ़।** जिले में बढ़ते प्रदूषण फ्लाईएश डंपिंग और श्रमिक सुरक्षा की अनदेखी को लेकर कांग्रेस ने अब खुलकर मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शाखा यादव ने उद्योगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ये कंपनियां स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य, पर्यावरण और रोजगार के अधिकारों से खिलवाड़ कर रही हैं। जिले के उद्योगों में स्थानीय युवाओं की अनदेखी कर बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है जो न केवल सामाजिक असंतुलन पैदा कर रहा है बल्कि स्थानीय स्तर पर बेरोजगारी की समस्या को भी बढ़ा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि फ्लाईएश का जहां तहां खुलेआम डंपिंग किया जा रहा है जिसके डस्ट से आमजन का जीना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि आज हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि जिले में कैंसर, लंग्स इंफेक्शन और त्वचा रोग जैसी गंभीर बीमारियां तेजी से फैल रही हैं।

* **रायगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नगेंद्र नेगी द्वारा तमनार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक मजबूती के उद्देश्य से नया कार्यवाहक प्रभारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वर्तमान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तमनार के कोषाध्यक्ष नरसिंह साहू को कार्यवाहक प्रभारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति तमनार ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष रुपेश पटेल के अपरिहार्य कारणों से क्षेत्र से बाहर रहने की वजह से की गई है।







## राहवीर योजनाः सड़क हादसों में जान बचाने वालों को मिलेगा इनाम



**गोल्डन ऑवर में मदद करने पर नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र**

**जशपुरनगर।** केंद्र सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने वाले आम नागरिकों को सम्मानित करने के लिए राहवीर योजना शुरू की है।

इस योजना के तहत, गंभीर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर जान बचाने वाले को 25 हजार का नकद पुरस्कार और प्रशंसा-पत्र दिया जाएगा। इसके लिए केन्द्र सरकार ने राज्य सरकारों को निर्देश दिए हैं कि वे प्रिंट, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से योजना का व्यापक प्रचार करें, ताकि अधिक लोग आगे आएं और दुर्घटना में घायल लोगों का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। आमजनों को नगद पुरस्कार और प्रमाण-पत्र के माध्यम से आपातकालीन स्थिति में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने और उनका मनोबल बढ़ाने तथा सड़क दुर्घटना पीड़ितों की जान बचाने के लिए दूसरों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। सड़क एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राहवीर योजना अंतर्गत कोई भी व्यक्ति जो गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित व्यक्ति की तत्काल सहायता करके दुर्घटना के गोल्डन ऑवर के भीतर अस्पताल व ट्रामा केयर सेंटर में पहुंचाकर चिकित्सा उपचार हेतु पहल कर जान बचाई हो, ऐसे नेक व्यक्ति को पुरस्कार प्रदान करने की योजना का अनुमोदन किया गया है। इसी योजना को राहवीर योजना कहा जाता है। इसका उद्देश्य आमजनता को आपातकालीन स्थिति में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए प्रेरित करना, निर्दोष लोगों की जान बचाने के लिए दूसरों को प्रेरित करना है।

**क्या है गोल्डल ऑवर-** मोटरयान अधिनियम की धार 2(12ए) के अनुसार गोल्डन ऑवर का अर्थ है, किसी दर्दनाक चोट के बाद एक घंटे तक चलने वाली अवधि, जिसके दौरान तत्काल चिकित्सा देखभाल प्रदान करके मृत्यु को रोकने की सबसे अधिक संभावना होती है।

## 190 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने 3 अप्रैल को ग्राम घरघोड़ी के खेत धरहा नदी किनारे दबिश देकर अवैध शराब बनाने को पकड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी छोटू डनसेना को अवैध रूप से महुआ शराब बनाते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस ने मौके से करीब 190 लीटर शराब अनुमानित कीमत 19 हजार जब्त किया है। साथ ही शराब बनाने में प्रयुक्त बर्तन समेत अन्य उपकरण भी जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर संचालित 8 अवैध भट्ठियों को भी नष्ट किया गया।




## सेना भर्ती पंजीकरण की तिथि 10 अप्रैल तक

**जशपुरनगर।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले यह प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 कर दिया गया है। इससे इच्छुक एवं योग्य युवाओं को आवेदन के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है।

भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, जहां उम्मीदवार विभिन्न पदों की पात्रता के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान के अंतर्गत अग्निवीर श्रेणी में अग्निवीर पुरुष जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक व स्टोर कीपर, ट्रेडमैन दसवीं, ट्रेडमैन आठवीं तथा अग्निवीर महिला के पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त स्थाई कैडर के अंतर्गत नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, हवलदार एवं धर्म शिक्षक के पदों के लिए भी पंजीकरण किया जा रहा है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर ने स्पष्ट किया है कि, भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है, और केवल योग्यता के आधार पर ही अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है। उम्मीदवारों को किसी भी प्रकार के दलाल या बिचौलियों से सावधान रहने की सलाह दी गई है। किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212 एवं 0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### राज्यपाल ने की ...

उपचार कराना चाहिए। राज्यपाल ने अधिकारियों से कहा कि बिरहोर समुदाय को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा जाए, ताकि उन्हें रोजगार के अवसर मिल सकें और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास के लिए संचालित पीएम जनमन योजना का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं, जिससे लोगों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण हो सके। साथ ही उन्होंने बच्चों के लिए टीकाकरण को अनिवार्य बताते हुए सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को समय पर वैक्सीन लगवाने की अपील की। राज्यपाल श्री डेका ने बिरहोर समुदाय के लोगों को अपने घरों में पढ़ाई के लिए एक अलग कोना बनाने की सलाह दी, जिससे बच्चों को अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण मिल सके और वे अधिक प्रेरित हों। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि बिरहोर समुदाय द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों का वैल्यू एडिशन किया जाए, ताकि उनके उत्पादों को बाजार में उचित मूल्य मिल सके। इस अवसर पर बिरहोर समुदाय के गुरुबारु ने राज्यपाल को जानकारी दी कि क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों का निर्माण भी किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने पद्मश्री जागेश्वर यादव के सहयोग की सराहना भी की। कार्यक्रम के दौरान बिरहोर समुदाय के लोगों ने राज्यपाल का पारंपरिक रूप से स्वागत करते हुए उन्हें केंद फूल, लाटा तथा स्वयं निर्मित रस्सी भेंट की। राज्यपाल ने भी समुदाय के लोगों को साल भेंट कर सम्मानित किया तथा उपयोगी सामग्री के रूप में टॉर्च प्रदान की। साथ ही उन्होंने पद्मश्री जागेश्वर यादव को राजकीय गमछा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर श्री रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### जशपुर ग्रामीण ...

आत्मसात करने की बात कही। मंगलनाथ सिंह ने सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से रखते हुए जनहित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। विनोद निकुंज ने सोशल मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए इसे संगठन का प्रभावी माध्यम बताते हुए कार्यकर्ताओं से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष नेहरू सिंह ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। दो दिवसीय कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में संतोष सिंह, शारदा प्रधान, श्रवण सिंह, मंगलनाथ सिंह, सावित्री सिंह, संजय गुप्ता एवं भजु ने अध्यक्षता की, वहीं कार्यशाला का संचालन राजू सिंह ने किया । इनकी रही उपस्थिति- कार्यशाला में मुख्य रूप से नपा जशपुर उपाध्यक्ष युवराज यशप्रताप सिंह जूदेव, सुरेश राम भगत, राजकपूर भगत, शरद चौरसिया , मुकेश सोनी, दीपक चौहान, दिलीप सिंह, आशु राय, लक्ष्मण जैसवाल, दर्शन सिंह, नंदकिशोर साय, सुखराम महतो, मनोज सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, रंजीत राम, बलबीर महतो, कृष्णा गुप्ता, राजेश्वर साय, अम्बु राम, अकल साय, अणिमा बाई सहित मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

